# जिला चिकित्सालय के दरवाजे से खुलेआम निजी घुसपैठ

## मरीजों को लुभाने के लिए सजी हैं निजी क्लीनिक और हॉस्पिटल की होर्डिंग्स

नवभारत न्यूज

**सतना 3 नवंबर. जिला चिकित्सालय परिसर में सक्रिय निजी एंबुलेंस संचालक सहित कई दलालों द्वारा मरीजों को बरगलाकर निजी क्लीनिक या हास्पिटल में ले जाने के साथ ही अब दूसरे तरीके से घुसपैठ शुरु कर दी गई है.**

मरीजों को लुभाने के लिए निजी हास्पिटल अथवा क्लीनिकों की होर्डिंग्स ने जिला चिकित्सालय के मुख्य गेट को ही ढंकना शुरु कर दिया है. यही हाल रहा तो कुछ दिनों में ही जिला चिकित्सालय का गेट और चहरदिवारी निजी संस्थाओं के प्रचार से ढंक जाएगी.

जिला चिकित्सालय परिसर में सक्रिय निजी एंबुलेंस संचालक, कुछ आशा-ऊषा कार्यकर्त्ता और कुछ दलाल हर वक्त मंडराते हुए वहां पहुंचने वाले मरीजों को बरगलाने की कोशिश में लगे रहते हैं. जिसके पीछे का कारण यह है कि मरीजों को जिला चिकित्सालय से निजी हास्पिटल अथवा क्लीनिक ले जाए जाने पर वहां




पर होने वाली जांच और उपचार से लेकर दवाओं की खरीद जैसे सभी स्तरों पर दलालों का कमीशन बंधा रहता है. लेकिन अब कुछ निजी हास्पिटल और क्लीनिक संचालकों ने इससे भी आगे बढ़ते हुए जिला चिकित्सालय परिसर के चारों ओर अपने प्रचार-प्रसार के लिए होर्डिंग्स और बैनर लगाना शुरु कर दिया है. आलम यह है कि कन्या महाविद्यालय से शुरु होते हुए होर्डिंग्स की यह भरमार जिला चिकित्सालय के मुख्य गेट तक पहुंच चुकी है. एक निजी हास्पिटल द्वारा अपनी हृदय रोग जांच शिविर से संबंधित बड़ी होर्डिंग को तो जिला चिकित्सालय के बोर्ड के ठीक नीचे चहरदिवारी पर चस्पा करा दिया गया है. वहीं एक गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट द्वारा जिला चिकित्सालय के मुख्य गेट के बगल में ही अपनी क्लीनिक का अवैध बोर्ड गाड़ रखा है. इतना ही नहीं बल्कि उक्त क्षेत्र में आस पास लगे सारे विद्युत खंबे भी इसी तरह के निजी हास्पिटल, क्लीनिक और जांच केंद्रों के प्रचार-प्रसार से पटते जा रहे हैं.

### ननि बनाम अस्पताल प्रशासन

सिविल सर्जन सह अधीक्षक जिला चिकित्सालय डॉ. मनोज शुक्ला का कहना है कि अस्पताल परिसर के अंदर किसी भी निजी संस्थान को अपना प्रचार-प्रसार करने की अनुमति नहीं है. यदि मुख्य गेट के बाहर होर्डिंग्स लगाई गई हैं तो उन्हें हटाने की कार्रवाई नगर निगम द्वारा की जानी चाहिए. फिर भी वे इस मामले को संज्ञान में लेते हुए सीएमएचओ से चर्चा करेंगे और साथ ही नगर निगम को कार्रवाई के लिए कहा जाएगा. मामले का काबिलेगौर पहलू यह भी है कि शहर के निर्माण कार्यों सहित अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर नजर गड़ाए रहने वाला ननि का अतिक्रमण दस्ता इस तरह की कार्रवाई करने में कोई रुचि नहीं दिखाता. लिहाजा मामले से पल्ला झाड़ने की कवायद के चलते अतिक्रमण दस्ते के जिम्मेदारों द्वारा जिला चिकित्सालय परिसर के आस पास लगी अवैध होर्डिंग्स को हटाने के लिए अस्पताल प्रशासन से शिकायत मिलने की दरकार की जाती है.



# धूप खिलते ही लुढ़कने लगा न्यूनतम तापमान

## दिन और रात के पारे का अंतर 13 डिग्री तक पहुंचा

नवभारत न्यूज

**सतना 3 नवंबर. पिछले सप्ताह चक्रवाती तूफान मोंथा के असर के चलते जिला सहित विंध्य क्षेत्र में बारिश का दौर देखने को मिला था. उस दौरानन मौसम के बदले रुख के चलते दिन और रात के तापमान में महज 1.2 डिग्री का अंतर रह गया था. लेकिन धूप खिलने के बाद एक ओर जहां न्यूनतम तापमान लुढ़कना शुरु हो गया वहीं दूसरी ओर दिन और रात के पारे के बीच का अंतर 13 डिग्री तक पहुंचने लगा है.**

मौसम कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को शहर में अधिकतम तापमान 31.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि रात का तापमान 18.8 डिग्री दर्ज हुआ. इस लिहाज से देखा जाए तो दिन और रात के तापमान के बीच का अंतर 12.8 डिग्री तक पहुंच गया. दिन के समय खिलने वाली चटख धूप के चलते हवा में नमी की मात्रा भी घटकर 79 से 52 फीसदी तक पहुंच गई. जिसका नतीजा यह हुआ कि शाम ढलते ही हवा में ठंडक घुलने का सिलसिला शुरु हो गया है. दिन भर चटख धूप रहने के बाद शाम ढलते ही लोगों को ठंठक का एहसास होने लगा है. इतना ही नहीं बल्कि देर शाम बाहर निकलने वाले लोगों ने गर्म कपड़े का सहारा लेना शुरु कर दिया है.

शहर के अंदर तो फिलहाल ठंड का उतना असर देखने को नहीं मिल रहा है लेकिन जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में शाम से लेकर सुबह तक खासी ठंडक पड़ने लगी है. जिसके चलते अधिकांश लोगों में सर्दी-खांसी की समस्या बढ़ती नजर आने लगी है.

### मिलने लगे कड़ाके की ठंड के संकेत

मौसम के इस रुख को देखते हुए लोगों द्वारा इस बार कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना भी जताई जाने लगी है. दूसरी ओर पिछले सप्ताह हुए बारिश के दौर के चलते धान की खेती को हुए नुकसान के बाद अब किसानों ने अपनी बची हुई फसल को सहेजना शुरु कर दिया है. फसल को काटकर सूखे स्थानों पर रखते हुए धूप दिखाने का प्रयास किया जा रहा है. जिससे की धान के सड़ने की संभावना को कम किया जा सके.

# नशीली दवा को रेत में दबाकर ऊपर से फैला दी लौकी की बेल

## पुलिस ने जेसीबी की मदद से खोज निकाली 286 शीशी कफ सिरप की खेप

नवभारत न्यूज

**सतना 3 नवंबर. पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन गौरव राजपूत द्वारा नशे के विरुद्ध छेड़े गए अभियान ऑपरेशन प्रहार 2.0 को अब तक सबसे अधिक सफलता मैहर जिले में मिलती नजर आ रही है.**

हर रोज अवैध शराब, गांजा और नशीली दवाओं के पकड़े जाने के क्रम में सोमवार को उस वक्त बड़ी कार्रवाई सामने आई जब एक गांव से 286 शीशी नशीली कफ सीरप की खेप





पकड़ी गई. पुलिस को चकमा देने के लिए नशीली दवाओं के स्टॉक को रेत के टीले में दबाकर उसके ऊपर लौकी की बेल लगा दी गई थी.

पुलिस अधीक्षक मैहर अवधेश प्रताप सिंह से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के ताला थाना पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए 286 शीशी कफ सीरप पकड़ी गई. इस मामले में पुलिस द्वारा आरोपी नंद किशोर उर्फ छोटे भईया पटेल उम्र 59 वर्ष निवासी बड़ा टोला सनेही को गिरफ्तार करते हुए उसके विरुद्ध धारा 8, 21, 22 एनडीपीएस एक्ट और 6/13 ड्रग कंट्रोल एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई. पुलिस द्वारा जब्त की गई 286 शीशी कफ सीरप की कीमत 57 हजार 619 रु आंकी गई. वहीं घटनाक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए एसपी श्री सिंह ने बताया कि ताला थाने की पुलिस को मुखबिर के जरिए इस बात की सूचना मिूली थी कि आरोपी द्वारा रेत के ढेर के अंदर नशीली दवाओं की खेप को छिपाकर रखा गया है. सूचना की गंभीरता के मद्देनजर पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई. लेकिन वहां पर रेत के टीले के ऊपर लौकी की बेल लगी नजर आई. जिसे देखकर यह लग रहा था र्कि रेत कई दिनों से ऐसे ही रखी हुई है.

चूंकि सूचना सटीक थी इसलिए पुलिस टीम ने मौके पर जेसीबी वाहन को बुला लिया. जिसके बाद जेसीबी की मदद से रेत को धीरे-धीरे फैलाने के लिए कहा गया. जैसे ही लोकी की बेलाों को हटाकर जेसीबी ने रेत को फैलाना शुरु किया वैसे ही वहां पर भरी हुई 2 बोरियां नजर आईं. जिन्हें खोलकर देखने पर उसमें नशे में इस्तेमाल होने वाली कफ सीरप की 286 शीशियां बरामद हो गईं.

### प्रति शीशी 60 रु का लाभ

पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में आरोपी नंद किशोर उर्फ छोटे भईया पटेल ने बताया कि वह 240 रु प्रति शीशी के रेट पर कफ सीरप खरीदता है. जिसे वह 300 रु प्रति शीशी के हिसाब से बेचता है. इस लिहाज से उसके द्वारा प्रति शीशी 60 रु का अवैध लाभ कमाया जा रहा था. यह जानकारी सामने आते ही पुलिस टीम द्वारा उन विक्रेताओं की कुण्डली खंगाली जाने लगी जो नशे में इस्तेमाल होने वाली कफ सीरप के अवैध करोबार में संलिप्त हैं. पुलिस के अनुसार नशे के कारोबार की जैसे-जैसे कड़ियां जुड़ती जाएंगी वैसे वैसे ही आगे की कार्रवाई की जाएगी.

### पॉलीथीन में रखकर ब्रिकी

सतना सहित विंध्य क्षेत्र में नशे में इस्तेमाल होने वाली कफ सीरप, टेबलेट्स और कैप्सूल के कारोबार की जड़ें कितनी गहरी हो चुकी हैं कि लोग उसे पॉलीथीन में भरकर खुलेआम बेचने से भी बाज नहीं आते. कोलगवां थाना पुलिस की टीम ने ऐसे ही एक आरोपी 26 वर्षीय युवक विवेक चौधरी निवासी मथुरा सिंह बस्ती को मैत्री पार्क के निकट से दबोच लिया. आरोपी के हाथ में लटकी पॉलीथीन में नशे में इस्तेमाल होने वाली ऑनरेक्स कफ सीरप की 15 शीशियां रखी मिलीं. जिन्हें वह बेचने की फिराक में था. जिसे देखते हुए अरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस और ड्रग कंट्रोल एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई.

# यात्रियों की सुविधा के लिए चली चार विशेष ट्रेनें

नवभारत न्यूज

**सतना, 3 नवम्बर। रेलवे द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु एवं उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है।**


यह स्पेशल ट्रेनें पूर्व मध्य रेलवे से प्रारम्भ होकर पश्चिम मध्य रेलवे के स्टेशनों से होकर गुजरेगी। बरौनी-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल ट्रेन (1 ट्रिप) गाड़ी संख्या 05265 बरौनी से बांद्रा टर्मिनस स्पेशल ट्रेन 11 नवम्बर को दोपहर 12 बजे बरौनी स्टेशन से प्रस्थान कर अगले दिन सतना मध्य रात्रि 01:20 बजे, तीसरे दिन प्रातः 05:45 बजे बांद्रा टर्मिनस स्टेशन पहुँचेगी। बरौनी-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल ट्रेन (1 ट्रिप) गाड़ी संख्या 05267 बरौनी से बांद्रा टर्मिनस स्पेशल ट्रेन 12 नवम्बर को दोपहर 12:00 बजे बरौनी स्टेशन से प्रस्थान कर अगले दिन सतना मध्य रात्रि 01:20 बजे तीसरे दिन प्रातः 05:45 बजे बांद्रा टर्मिनस स्टेशन पहुँचेगी। बरौनी-एरणाकुलम जंक्शन स्पेशल ट्रेन (2 ट्रिप) गाड़ी संख्या 05263 बरौनी से बांद्रा टर्मिनस स्पेशल ट्रेन 11 एवं 12 नवम्बर को रात 22:30 बजे बरौनी स्टेशन से प्रस्थान कर अगले दिन सतना सुबह 07:45 बजे, चौथे दिन सुबह 06:00 बजे एरणाकुलम जंक्शन स्टेशन पहुँचेगी। मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन-सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल, बेंगलुरु स्पेशल ट्रेन (2 ट्रिप) गाड़ी संख्या 05545 मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन से सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल, बेंगलुरु स्पेशल ट्रेन दिनांक 11 एवं 12 नवम्बर को रात 21:15 बजे मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन स्टेशन से प्रस्थान कर अगले दिन सतना सुबह 08:15 बजे, तीसरे दिन रात्रि 23:50 बजे सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल, बेंगलुरु स्टेशन पहुँचेगी।

# कानून व्यवस्था पर कांग्रेस ने खड़े किए सवाल

नवभारत न्यूज

**सतना, 3 नवम्बर. सतना एवं मैहर जिले की कानून व्यवस्था बेपटरी हो चुकी है जिलों में अपराधी बे खौफ घूम रहे हैं रोज अपराध घटित हो रहे हैं.**

आए दिन हत्या लूट चोरी पुलिस से झूमा झटकी मादक पदार्थों की बिक्री पुलिस के संरक्षण में अवैध रेत उत्खनन आम बात हो चुकी है वर्तमान में दोनों जिले में जंगल राज्य जैसा वातावरण निर्मित हो चुका है युक्त आशय के आरोप जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सीधी जिले के प्रभारी दिलीप मिश्रा ने लगाते हुए जिले



के प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों से कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की है श्री मिश्रा ने कहा है की सतना एवं मैहर जिले के पुलिस अधीक्षक अपराधों को कम करने ऑपरेशन प्रहार चला रहे हैं और उन्हीं के नाक के नीचे पुलिस अपराधों, नशाखोरी अवैध रेत उत्खनन में हो रही हफ्ता वसूली को रोकने में नाकाम साबित हो रही है व अपराधों को बढ़ावा देने में पुलिस स्टाफ पूरी तरह से सक्रिय है.

# एकेडमिक हाइट्स में सीबीएसई के शिक्षकों को मिला प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज

**सतना, 3 नवम्बर. अकैडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल, सतना में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ( सीबीएसई ) द्वारा आयोजित दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम ( कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम - सीबीपी ) का आयोजन कैरियर मार्गदर्शन विषय पर दिनांक 1 और 2 नवम्बर 2025 को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।**



इस कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को विद्यार्थियों को सही दिशा में कैरियर मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु आधुनिक और प्रभावी तकनीकों से अवगत कराना था।कार्यक्रम के पहले दिन प्रतिभागियों ने कैरियर गाइडेंस, काउंसलिंग और कैरियर डेवलपमेंट जैसे विषयों पर जानकारी प्राप्त की। वहीं दूसरे दिन कैरियर सूचना के आयाम, विषयों और करियर का संबंध, कैरियर रिसोर्स रूम की स्थापना तथा शिक्षकों की भूमिका जैसे विषयों पर समूहगत गतिविधियों और अभ्यासों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कृष्णा नियोगी, प्राचार्य ङ्क नचिकेता हायर सेकेंडरी स्कूल, जबलपुर तथा दिलीप पायरा, पीजीटी, होली फैमिली कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, सागर (म.प्र.) द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. हिमानी सिंह ने वेन्यू डायरेक्टर की जिम्मेदारी निभाते हुए सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया.



# शासकीय अधिवक्ताओं ने सौंपा दीर्घकालिक समस्याओं का ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**सतना, 3 नवम्बर. प्रदेशभर के शासकीय अधिवक्ताओं की दीर्घकालिक समस्याओं एवं बुरहानपुर में कलेक्टर डॉ. हर्ष सिंह द्वारा शासकीय अधिवक्ताओं के साथ की गई अभद्रता की घटना के विरोध में आज शासकीय अधिवक्ताओं के एक प्रतिनिधि मण्डल ने भोपाल में राज्य शासन के सक्षम प्राधिकारियों को ज्ञापन सौंपा.**

प्रतिनिधि मंडल ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल तथा प्रमुख सचिव विधि एवं विधायी कार्य विभाग मुकेश कुमार से भेंट कर अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा तथा समस्याओं के त्वरित निराकरण का आग्रह किया।संघ के प्रदेश महासचिव एवं सतना जिले के लोक अभियोजक/शासकीय अभिभाषक रमेश मिश्रा ने जानकारी दी कि प्रतिनिधि मण्डल में प्रदेश अध्यक्ष सुखेन्द्र द्विवेदी (जीपी, सीधी), महासचिव रमेश मिश्रा (जीपी सतना) संयुक्त सचिव पुष्पेन्द्र मिश्रा (जीपी, अनूपपुर), उपाध्यक्षद्वय मनोज सिंह चौहान (जीपी, दतिया) एवं पी.एन. राजपूत (जीपी, भोपाल) प्रमुख रूप से शामिल रहे।संघ के आह्वान पर प्रदेश के सभी जिला एवं तहसील मुख्यालयों पर भी जीपी/एजीपी द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। सतना में एजीपी उमेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में गिरजेश पाण्डेय, सुनील निगम, राघवेन्द्र सिंह, रावेन्द्र सिंह, राजेश मिश्रा, कमलेश द्विवेदी, अखिलेश अवधिया, नागौद में राजेश मिश्रा, बी.के. त्रिपाठी तथा मैहर में धर्मेन्द्र सिंह, श्रीमती कल्पना सिंह, अमरपाटन में पंकज सिंह ने ज्ञापन सौंपा। शासन ने समस्याओं पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया है।

# आईएमए ने डॉ. सुधा जैन के निधन पर दी श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

**सतना, 3 नवम्बर. इंडियन मेडिकल एसोसिएशन सतना के सम्माननीय डॉ संकल्प जैन की माताश्री एवं वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ सुधा जैन जी के आकस्मिक निधन पर आईएमए के सभी सदस्यों ने गहरा दुख प्रकट करते हुए कहा कि उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताते हुए कहा कि ईश्वर शोक संतृप्त परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करे।**



आईएमए के अध्यक्ष डॉ राकेश अग्रवाल, सचिव डॉ आलोक खन्ना, आई एमए ए एडिटर डॉ आर के नेमा, डॉ जी पी सिंह, डॉ एस पी शर्मा, डॉ आर के पांडेय, डॉ डीके तिवारी, डॉ राकेश जैन, डॉ पी के श्रीवास्तव, डॉ अरविंद सराफ, डॉ वी के गौतम, डॉ वी के गांधी, कोषाध्यक्ष डॉ ललित गुप्ता, डॉ नरेंद्र शर्मा, डॉ सुनील कारखुर, डॉ अरुण नायक, डॉ प्रवीण चौधरी, डॉ संतोष जैन, डॉ आर के गुप्ता, डॉ पी सी नोटवानी, डॉ महेंद्र सिंह, डॉ एच के बावा, डॉ सुधा खरे, डॉ पी डी अग्रवाल, सिविल सर्जन डॉ मनोज शुक्ला, डॉ एस पी शर्मा, डॉ के एल नामदेव, डॉ बी एल पटेल, डॉ आशीष जैन, डॉ रामचंद्र त्रिपाठी, डॉ अजीत सिंह, डॉ उषा सोई, डॉ नीलेश्वर शर्मा, डॉ राजकुमार जैन, डॉ आलोक जैन, डॉ ए के अग्रवाल, डॉ सुनील अग्रवाल, डॉ आशीष जैन, डॉ नवीन कालरा, डॉ पीके पाठक, डॉ आनंद गुप्ता, डॉ समिष गुप्ता, डॉ आशुतोष नेमा, डॉ प्रीति नेमा, डॉ नलिनी शुक्ला, डॉ अशोक अवधिया, डॉ संजय गुप्ता, डॉ एस के श्रीवास्तव, डॉ संजय माहेश्वरी, डॉ आर के तिवारी, डॉ विपिन दुबे, डॉ विजय मार्सकोले, डॉ सुधांशु गर्ग, डॉ मनोज जगवानी, डॉ माणिक गुप्ता, डॉ विजेता राजपूत, डॉ संगीता जैन, डॉ सारिका कालरा, डॉ संजीव प्रजापति, डॉ महेंद्र सिंह, डॉ नितिन कुलश्रेष्ठ, डॉ चारूलता सोई, डॉ देवेश अग्रवाल, डॉ अभिजीत यादव, सहित सभी डॉक्टर्स ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# सांसद ने पटना के दीघा में भाजपा उम्मीदवार के लिए मांगा समर्थन

नवभारत न्यूज

**सतना, 3 नवम्बर. सतना सांसद गणेश सिंह ने सोमवार को पटना के खाजपुरा ( दीघा विधानसभा क्षेत्र ) में पटेल-कुर्मी नवजागरण अभियान के प्रमुख सदस्यों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की।**

इस दौरान उन्होंने एनडीए समर्थक भाजपा प्रत्याशी संजीव चौरसिया के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान की जोरदार अपील की।



सांसद ने समाज के लोगों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को ध्यान से सुना और समाधान का आश्वासन दिया। बैठक में सामाजिक मुद्दों पर गहन चर्चा हुई।

# स्थापना दिवस पर साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

नवभारत न्यूज

**सतना, 3 नवम्बर. ए.के.एस. विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के दूसरे दिन साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम धूमधाम के साथ आयोजित किया गया।**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ.आर.एस. त्रिपाठी रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में आईक्यूएसी डायरेक्टर प्रो. जी.सी.



मिश्रा, सूर्यनाथ सिंह गहरवार, डॉ. सुधीर जैन, डॉ. महेंद्र कुमार तिवारी, विनय पाठक, हरिशंकर कोरी और जी.पी. रिछारिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षा विभाग के डीन डॉ. आर.एस. निगम ने की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शिखा त्रिपाठी द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सजीव रूप देने में श्रीमती सीमा द्विवेदी का योगदान रहा। इसके अलावा डॉ. सानंद कुमार गौतम, डॉ. कल्पना मिश्रा, श्रीमती नीरू सिंह, नीता सिंह और डॉ. पूर्णिमा सिंह की उपस्थिति भी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही।कार्यक्रम में बीएड.और डीईएल एड के छात्रों ने अपने नृत्य और गायन कौशल का प्रदर्शन किया।

## एक नजर में



### वंदेमातरम के साथ हुई कार्यालयीन कामकाज की शुरूआत

**सतना.** म0प्र0 शासन के निर्देशानुसार नवंबर माह के प्रथम कार्य दिवस सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस की उपस्थिति में सामूहिक रुप से राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत का गायन करने के उपरांत कार्यालयीन काम काज की शुरुआत की गई। इस मौके पर आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, अपर कलेक्टर विकास सिंह, सीईओ जिला पंचायत शैलेंद्र सिंह, सहायक कलेक्टर अनिकेत शांडिल्य, डिप्टी कलेक्टर बीके मिश्रा सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ईशा गोयल सीए बनीं

**सतना.** ईशा गोयल पुत्री शोभित रोली गोयल के द्वारा सीए परीक्षा उत्तीर्ण किए जाने पर रोटरी परिवार सतना एवं समस्त गुरुजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है हर्ष व्यक्त करने वालों में ललित खुराना,डॉ सुनील अग्रवाल,डॉ ताजिर , हरिओम गुप्ता, राजदीप अग्रवाल, राजज्योति अग्रवाल, सीए संजय सिंघाई, नितेश बडेरिया,संजय अग्रवाल, द्वारका अग्रवाल,डॉ गांधी , उमेश पहाड़िया,डॉ देवेंद्र सिंह विनोद गोयल सहित ईस्ट मित्रों परिवार के लोगों ने खुशी व्यक्त की है।



### सेवानिवृत हुईं जानकी आर्या

**सतना ।** परमपिता परमेश्वर की असीम कृपा से वर्षों तक अपनी सेवाएं देकर बच्चों को प्रोत्साहित किया। अपने सेवा कार्य से शिक्षा जगत में उत्कृष्ट कार्य किया उनके सेवानिवृत्ति पर सभी ने उन्हें शुभकामनाएं एवं उज्जवल भविष्य की कामना की मृदुभाषी सरल सहज व्यक्तित्व की धनी मैडम आर्या हमेशा याद की जाएंगी शिक्षा विभाग में अपनी सेवाएं दी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सज्जनपुर में सेवाएं दी. विद्यालय परिवार ईस्ट मित्रों शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी।



### श्रीमती गीता सिंह आदिशक्ति सेना की प्रदेश महामंत्री नियुक्त

**सतना।** नरेंद्र मोदी विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि चाणक्य की सहमति से अंतरराष्ट्रीय संत बौद्धिक मंच के अंतराष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी स्वदेशानंद ब्रम्ह गिरी महराज ने सतना निवासी श्रीमती गीता सिंह को आदिशक्ति सेना मध्य प्रदेश के महामंत्री पद पर नियुक्त किया है । श्रीमती गीता सिंह को आदिशक्ति सेना का प्रदेश महामंत्री बनाए जाने पर, नरेंद्र मोदी विचार मंच की श्रीमती गौरी धाकड़, श्रीमती कविता साहू, श्रीमती सरिता सिंह, महंत दिव्यजीवन दास महराज , लल्ली महराज , डॉ. शारदा द्विवेदी, मीडिया प्रभारी, डॉ. नीलेश द्विवेदी, जिलाध्यक्ष संदीप द्विवेदी चित्रकूट सहित अनेक लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है ?

